
सुविचार



वसंत अपने आप नहीं आता, उसे लाना पड़ता है। सहज आने वाला तो पतझड़ होता है, वसंत नहीं। - हरिशंकर परसाई

# अमृत विचार

www.amritvichar.com

## बरेली महानगर

बरेली के प्रमुख समाचार



- महाठग ने एक हजार लोगों से करोड़ों ठगे, रिपोर्ट दर्ज -II
- बोर्ड परीक्षा : नकल रोकने को रहेगा कड़ा पहरा -III
- दावे चकाचक, सड़कों पर गंदगी के अंबार -IV



बरेली , मंगलवार,10 फरवरी 2026


# 1.99 करोड़ से खरीदे सौ ई-रिक्शा कंडम

## नगर निगम की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर खरीदे गए इन ई-रिक्शा में शुरू से थीं तकनीकी खामियां

कार्यालय संवाददता, बरेली

- बैटरी से लेकर हाइड्रोलिक तक फेल, आपूर्ति करने वाली फर्म को थमाया नोटिस
- पांच दिन में मांगा जवाब, काली सूची में डालने के साथ और कानूनी कार्रवाई तय

**अमृत विचार :** नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 1.99 करोड़ रुपये की लागत से खरीदे गए सौ हाइड्रोलिक कूड़ा ई-रिक्शा की तकनीकी खामियों ने सफाई तंत्र की पोल खोल दी है। यह ई-रिक्शे शुरू से ही निगम के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। नगर निगम ने आपूर्तिकर्ता फर्म मैसर्स मेक ऑटो इंडिया प्रा. लि. फरीदापुर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पांच दिन में जवाब मांगा है।

पर्यावरण अभियंता राजीव राठी की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह एजेंसियों ने बार-बार नगर निगम को शिकायतें दीं, पत्राचार हुआ, समीक्षा बैठकों में मुद्दा उठा, लेकिन आपूर्तिकर्ता फर्म की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ई-रिक्शा की आपूर्ति करने वाली फर्म मैसर्स मेक ऑटो इंडिया प्रा. लि. अनुबंध की शर्तों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। जैम के माध्यम से खरीदे गए सौ ई-रिक्शा में शुरू से ही गंभीर तकनीकी खामियां सामने आ रही थीं, लेकिन फर्म ने उन्हें ठीक कराने में कोई रुचि नहीं दिखाई। बैटरी पूरी चार्ज होने के बाद भी दो से तीन घंटे से अधिक नहीं चल पा रही है और चार्जर भी साथ नहीं दे रहे हैं। रिले और विद्युत उपकरण खराब हैं, हाइड्रोलिक से तेल का रिसाव हो रहा है और कमजोर वेल्डिंग के कारण वाहन जगह-जगह से टूटने लगे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार फर्म हाथ पर हाथ




डोर-टू-डोर कूड़ा उठान में लगी नगर निगम की ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

धरे बैठी रही।

नोटिस में कहा गया है कि अनुबंध की फर्म को शर्तों के अनुसार बरेली में तकनीकी कर्मचारियों की तैनाती अनिवार्य थी, ताकि खराबी आने पर तुरंत मरम्मत हो सके, परंतु आज तक एक भी तकनीकी कर्मचारी तैनात नहीं किया गया। नतीजा यह है कि करीब दो करोड़ रुपये की लागत से खरीदे गए वाहन खड़े-खड़े खराब हो रहे हैं और शहर की सफाई व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है।

नोटिस में कहा गया है कि यह लापरवाही न केवल अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन है, बल्कि जनस्वास्थ्य से सीधे तौर पर खिलवाड़ भी है। घर-घर से कूड़ा उठान प्रभावित होने के कारण गंदगी बढ़ रही है और बीमारियों के फैलने की आशंका गहरा रही है। पर्यावरण अभियंता ने बताया कि ई-रिक्शा आपूर्ति करने वाली फर्म को नोटिस जारी करके जवाब देने के लिए पांच दिन का समय दिया है कि वह स्पष्ट करे कि दो वर्ष की रख-रखाव जिम्मेदारी निभाने में वह क्यों विफल रही।

इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी, फर्म को काली सूची में डाला जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### यूपी बोर्ड ने प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि दोबारा बढ़ाई

बरेली, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां फिर बढ़ा दी हैं। बोर्ड सचिव भगवति सिंह के अनुसार, प्रथम चरण की परीक्षाएं 24 जनवरी से 1 फरवरी और द्वितीय चरण 2 फरवरी से 9 फरवरी तक निर्धारित थीं, लेकिन कुछ विद्यालयों में अवशेष परीक्षाएं तथा ऑनलाइन अंक अपलोड न होने के कारण अब अंतिम तिथि 13 फरवरी, 2026 निर्धारित की गई है। परीक्षा पर्यवेक्षक और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी अवशेष परीक्षाएं संपन्न कराकर अंक समय पर अपलोड करें। निर्धारित समय तक अनुपालन न होने पर परीक्षार्थियों के परिणाम प्रभावित होने की स्थिति में जिम्मेदारी परीक्षक, प्रधानाचार्य और जिला विद्यालय निरीक्षक की होगी।

### सियालदह से कटा पशु, वंदेभारत रुकी

बरेली/फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : कोलकाता से जम्मूतवी जा रही सियालदाह एक्सप्रेस की चपेट में आकर बिलपुर स्टेशन के पास एक निराश्रित गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके चलते वंदेभारत एक्सप्रेस को रोकना पड़ा।

## शहर में आज

- कश्मीर से आए छात्र-छात्राओं का आईवीआरआई और दरगाह आला हजरत का बरेली भ्रमण सुबह 10 बजे।
- घूसखोर पंडित मूवी को लेकर विरोध प्रदर्शन गुलाब राय इंटर कॉलेज के पीछे कामधेनु गौशाला कार्यालय पर दोपहर 3 बजे
- रोहिलखंड विश्वविद्यालय में एनुअल स्पोर्ट्स मीट स्पोर्ट्स ग्राउंड बॉयज हॉस्टल के पास सुबह 11 बजे

# आशंका : होटलों और रेस्टोरेंट में खपाया जा रहा मिलावटी सरसों तेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमिश्नर ने एफएसडीए अधिकारियों को दिए जांच करने के निर्देश
- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

**अमृत विचार :** जनपद में भारी मात्रा में मिलावटी तेल के तैयार होने की शिकायतों और छापेमारी के बाद आशंका जाहिर की जा रही है कि मिलावटी तेल का इस्तेमाल होटलों और रेस्टोरेंट में खपाया जा रहा है। इस पर कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने होटलों व रेस्टोरेंटों में सघन जांच करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर के निर्देश पर एफएसडीए की तीन सदस्यीय टीम गठित की गयी है। यह टीम कई दिनों तक छापेमारी कर कई बिंदुओं पर जांच करेगी। इसमें होटलों-रेस्टोरेंट में सरसों के तेल की खपत और कहां-कहां से माल मंगाया जा रहा है, यह भी जांचा जाएगा।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने सोमवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य सहित अन्य अधिकारियों के साथ मंडलायुक्त कार्यालय में बैठक की। तेल में मिलावट की आशंका पर हो रही छापेमारी के संबंध में जानकारी की। बैठक में आशंका जाहिर की गई कि मिलावटी तेल का इस्तेमाल होटलों और रेस्टोरेंट में किया जा रहा है। इस पर कमिश्नर ने सहायक आयुक्त खाद्य को होटलों और रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों की सघन जांच कराने के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त के निर्देश पर सहायक आयुक्त ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। यह टीम लगातार कई दिनों तक होटल-रेस्टोरेंट में जांच करेगी। दरअसल, जनवरी से अब तक तेल समेत अन्य खाद्य सामग्रियों की जांच के लिए छापेमारी की जा चुकी है। मिलावट के शक में करीब 33 लाख रुपये का तेल सीज करने के साथ बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले भी परसाखेड़ा में कई अन्य इकाई में छापेमारी कर नमूने भरे गए। नमूनों को जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजा गया है। करीब 15 दिन में नमूनों की जांच रिपोर्ट आने की संभावना है।



ई-रिक्शा पर ड्रमों में ले जाते खुले सरसों तेल का सैंपल लेते अधिकारी। ● फाइल फोटो

# अर्बन हाट : वैग्माइन को मिला 30 साल के लिए ठेका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कम्पनी ने जमा कराई 59.70 लाख रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस और 2.38 करोड़ के ई-स्टांप
- स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 157.67 करोड़ की लागत से तैयार किया है अर्बन हाट

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकसित अर्बन हाट एंड हैंडीक्राफ्ट सेंटर के संचालन को लेकर एक बड़ा महत्वपूर्ण फैसला गया है। विकास भवन के पास 46,135 वर्ग मीटर की जमीन पर 157.67 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस बहुउद्देश्यीय हाट का ठेका 30 साल के लिए बेंगलुरु की वैग्माइन इंटरप्राइजेज कंपनी को सौंपा है।

एजेंसी ने सोमवार को इसकी रजिस्ट्री पूरी कर ली है। इस दौरान 59.70 लाख रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 2.38 करोड़ के ई-स्टांप शुल्क जमा किए। रजिस्ट्रेशन फीस और ई-स्टांप शुल्क का भुगतान के बाद संचालन का रास्ता साफ हो गया है।

अर्बन हाट एंड हैंडीक्राफ्ट सेंटर को शहर के लिए एक प्रमुख व्यावसायिक, सांस्कृतिक और सामाजिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। निर्माण कार्य का ठेका 7 सितंबर 2021 को मैसर्स आरपीपी इंफ्रा को दिया गया था।

> अर्बन हाट परियोजना शहर के विकास और स्थानीय कारीगरों के लाभ के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। वैसे तो कंपनी को ठेका पहले ही दिया जा चुका था, लेकिन सोमवार को वैग्माइन इंटरप्राइजेज ने कानूनी रूप से रजिस्ट्री कर पूरी प्रक्रिया पूरी कर ली है। – **संजीव कुमार मौर्य**, सीईओ बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी

करीब ढाई साल की मेहनत के बाद 30 दिसंबर 2023 को सेंटर पूरी तरह तैयार हो गया।

सोमवार को रजिस्ट्री समेत सभी प्रक्रियाएं पूरी होने पर हाट के सारे अधिकार और संचालन सीधे वैग्माइन इंटरप्राइजेज के नियंत्रण में आ गए। स्मार्ट सिटी अधिकारियों के अनुसार, यह सेंटर बरेली के हस्तशिल्प और उद्यमिता क्षेत्र को नई पहचान देने के साथ ही शहर में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती देगा। एजेंसी के मालिक मोनू कुमार ने बताया कि सोमवार को अर्बन हाट की रजिस्ट्री करा ली गई है।

अगले 30 वर्षों यानी 2056 तक एजेंसी इसके संचालन, रखरखाव और गतिविधियों का जिम्मा संभालेगी। कहा कि उनका उनका फोकस सेंटर के रखरखाव, गतिविधियों और प्रशासनिक कामकाज को व्यवस्थित तरीके से चलाने पर होगा। लंबे समय तक संचालन का यह समझौता अर्बन हाट की स्थिरता और निरंतरता सुनिश्चित करेगा।

## आईजीआरएस रैंकिंग : बरेली का प्रदेश में दूसरा स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** शासन स्तर से आईजीआरएस की जनवरी की रैंकिंग सोमवार की रात जारी कर दी गयी। बरेली प्रशासन ने रैंकिंग में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

बरेली दो माह से इसी पायदान पर जमा हुआ है। इसके साथ तहसील नवाबगंज, सदर एवं फरीदपुर ने भी उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करते हुए प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। दरअसल, माह दिसंबर 2025 में जनपद को प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था, जो प्रशासनिक मशीनरी के निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शा रहा है।

# जंक्शन पर तीन नंबर प्लेटफार्म पर चटकी पटरी, करायी दुरुस्त



बरेली जंक्शन पर प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर चटकी पटरी की मरम्मत करते कर्मचारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सोमवार सुबह 10 बजे पेट्रोलिंग टीम को हुई जानकारी, गाड़ियों के संचालन पर नहीं पड़ा असर

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर तीन नंबर प्लेटफार्म पर पेट्रोलिंग टीम को पटरी चटकी होने की जानकारी हुई। इसके बाद तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर चटकी हुई पटरी को ठीक किया। हालांकि पटरी चटकी होने से ट्रेनों के संचालन में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हुई।

बरेली जंक्शन पर एक से लेकर 6 नंबर तक प्लेटफार्म हैं। पेट्रोलिंग टीम ने सोमवार की सुबह 10 बजे प्लेटफार्म नंबर तीन पर पटरी में दरार को देखा। इस संबंध में सूचना कंट्रोल रूम और पॉवर केबिन को दी गई। सूचना मिलने पर तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और पटरी में आई दरार को ठीक कर दिया। फिलहाल प्लेटफार्म के इस स्थान पर 15 किलोमीटर प्रति घंटे का कॉशन दिया गया है और धीमी गति से ट्रेनों को गुजारा जा रहा है।

## प्रधानाचार्य और प्रधान के समन्वय से शिक्षा हो सकती सुदृढ़

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार:** ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों के आपसी समन्वय से शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

यह बात एसडीएम आलोक कुमार सिंह ने कही। वह सोमवार को बीआरसी पर ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सोमवार को चुरई दलपतपुर में हुई कार्यशाला में शिक्षा अधिकारियों ने विद्यालय संचालन, नामांकन में वृद्धि, बच्चों की नियमित उपस्थिति, मध्याह्न भोजन योजना, स्वच्छता तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। पूनम देवी, सचिन मुरारी शर्मा,राजेश कुमार एवं अरविंद कुमार गंगवार ने शारदा ,डीबीटी, आउट ऑफ स्कूल, आंगनवाड़ी में प्रदत्त योजनाओं को बताया।

# बागेश्वर धाम में शादी के समय युवतियां पहनेंगी बरेली की साड़ी



बागेश्वर धाम के लिए साड़ियां भेजते समिति के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बागेश्वर धाम में होने वाले विवाह महोत्सव में विवाह करने वाली युवतियों बरेली की साड़ियां पहनेंगी। नाथनगर परिक्रमा सेवा समिति के उपाध्यक्ष विक्रम रस्तोगी ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बागेश्वर धाम में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सप्तम कन्या विवाह महोत्सव करने जा रहे हैं। इसमें 300 निर्धन आदिवासी कन्याओं के विवाह का आयोजन हो रहा है। इसकी जानकारी होने पर नाथ नगरी परिक्रमा सेवा समिति की तरफ से शादी करने वाली कन्याओं के लिए 300 साड़ियां बागेश्वर धाम के लिए भेजी गई हैं। विवाह करने वाली कन्याओं को शादी के समय इन्हें पहनाकर वैवाहिक कार्यक्रम कराया जाएगा। साड़ियों को भेजने के दौरान सचिन देवल, देवेश गुप्ता, सुरेंद्र मौर्य, शुभम शुक्ला, अमित देवल, कांता प्रसाद, शिवम कुमार, तरुण अग्रवाल, मनोज कश्यप आदि मौजूद रहे।

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर जड़े आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सफाई निरीक्षकों ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अधीन कार्य करने में असमर्थता जताई
- नगर आयुक्त को पत्र सौंप मानसिक उत्पीड़न समेत कई गंभीर आरोप लगाए

**अमृत विचार :** नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग में घमासान मचा है। जोनल स्वच्छता अधिकारी और सफाई निरीक्षकों ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश पर पद का दुरुपयोग करने, उत्पीड़न और नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को संयुक्त शिकायती पत्र सौंपा है।

शिकायत में नगर आयुक्त से जांच और कार्रवाई की मांग भी की गई है, ताकि निगम स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन, पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। नगर आयुक्त ने शिकायतों की जांच कराने का आश्वासन दिया है। पत्र में साफ तौर पर आरोप लगाया गया है कि डॉ. भानु प्रकाश लगातार कर्मचारियों की सेवाओं में बाधाएं उत्पन्न करने के साथ ही नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त के स्पष्ट निर्देशों का भी उल्लंघन कर कार्यों में रोड़े अटका रहे हैं। उनके हर प्रयास पर मानसिक दबाव, धमकियां दी जाती हैं। इनके अवैध पद सृजन और मनमानी रवैये के कारण मानसिक तनाव और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इनके साथ वह काम करने में खुद को असमर्थ महसूस कर रहे हैं। आरोप लगाया कि निगम में ''''उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी'''' का पद तो अस्तित्व में ही नहीं है, लेकिन नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने अपने हित में अवैध रूप से यह पद सृजित कर तैनाती करा ली है। इससे नियमों का सीधा उल्लंघन हुआ है और विभागीय अनुशासन को ठेंगा दिखाया गया है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के बीच किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। सफाई निरीक्षकों की शिकायत गंभीर है। मामले की जांच कराई जाएगी।

### बोर्ड बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी हटाओ के लगे थे नारे

पिछले साल नगर निगम बोर्ड की बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी की कार्यशैली को लेकर सत्ता और विपक्ष दल के पार्षदों ने भी एक सुर में अलग-अलग आरोपों की झड़ी लगाते हुए ''''नगर स्वास्थ्य अधिकारी को हटाओ और नगर निगम बचाओ'''' के नारे के साथ तत्काल काम से हटाने की मांग की थी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी के विरुद्ध सत्ता और विपक्ष के पार्षदों को एक होता देख महापौर डा. उमेश गौतम ने डा. भानु प्रकाश को खड़े होकर स्पष्टीकरण देने को कहा था।

बदलाव

डिजिटल लर्निंग हब, इन्क्यूबेशन पायलट फैसिलिटी और अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट छात्रावास का होगा निर्माण

# रुविवि : डिजिटल शिक्षा, नवाचार और वैश्विक सहयोग का दौर शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के तहत मिले 100 करोड़ रुपये के अनुदान से विश्वविद्यालय के विकास को नई गति दी जा रही है। मौजूदा वर्ष संस्थान के लिए परिवर्तनकारी माना जा रहा है। इसमें आधुनिक बुनियादी ढांचे, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था और वैश्विक स्तर की सुविधाओं के निर्माण पर तेजी से काम शुरू हो गया है। इससे विवि न केवल तकनीकी रूप से मजबूत होगा, बल्कि छात्रों, शोधार्थियों और नौकरीपेशा युवाओं के लिए भी गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा के नए रास्ते खुलेंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने अनुदान में मिली धनराशि से तीन बड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी है। इन्हें इस वर्ष धरातल पर उतारने की योजना है। इनमें डिजिटल लर्निंग हब, इन्क्यूबेशन पायलट फैसिलिटी और अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट छात्रावास शामिल हैं। इन परियोजनाओं के जरिये शिक्षा के साथ-साथ शोध, नवाचार और वैश्विक सहयोग को भी मजबूती मिलेगी। सबसे प्रमुख परियोजना डिजिटल लर्निंग हब होगी, जो ई-कंटेंट निर्माण, ऑनलाइन कोर्सेज और हाइब्रिड लर्निंग के लिए वन-स्टॉप सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। यूजीसी से 11 नए पाठ्यक्रमों को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षक भी ऑनलाइन माध्यम से छात्रों को पढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे, जिससे शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी और इंटरएक्टिव बनेगी।



रुहेलखंड विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट छात्रावास। ● अमृत विचार

- विश्वविद्यालय को पीएम-उषा से मिले 100 करोड़ के अनुदान से परिसर बनाया जा रहा आधुनिक
- छात्रों को पढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों और एआई आधारित प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे शिक्षक




रुहेलखंड विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन स्वर्ण जयंती द्वार। ● अमृत विचार

> रुहेलखंड विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर निरंतर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2026 में इंटरनेशनल ट्रांजिट छात्रावास, डिजिटल लर्निंग हब और इन्क्यूबेशन पायलट फैसिलिटी का निर्माण किया जा रहा। इसकी नई सुविधाओं में आधुनिक तकनीक, लर्निंग आदि के माध्यम विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जाएगी। – **डॉ. विनय वर्मा**, मीडिया प्रभारी रुहेलखंड विश्वविद्यालय

### विश्वविद्यालय में ये सुविधाएं मिलेंगी

इन्क्यूबेशन पायलट फैसिलिटी विश्वविद्यालय में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देगी। यहां विद्यार्थियों और युवा उद्यमियों को अपने नवाचार और व्यावसायिक विचारों को वास्तविक रूप देने के लिए तकनीक, प्रशिक्षण और बुनियादी सहायता प्रदान की जाएगी। विद्यार्थी छोटे स्तर पर उत्पादन से लेकर मार्केटिंग और ब्रांडिंग तक की व्यावहारिक जानकारी हासिल कर सकेंगे, जिससे आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन के नए अवसर खुलेंगे। विदेशी छात्रों और शोधार्थियों को आकर्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला ट्रांजिट छात्रावास भी बनाया जाएगा। यह छात्रावास विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में मदद करेगा और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। इससे विश्वविद्यालय की ग्लोबल रैंकिंग और शैक्षणिक प्रतिष्ठा में भी सुधार होने की उम्मीद है। विकास कार्यों की इसी कड़ी में विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार स्वर्ण जयंती द्वार भी बनकर लगभग तैयार हो चुका है और अपने अंतिम चरण में है। यह द्वार परिसर की सुरक्षा, सौंदर्य और आधुनिक पहचान को मजबूत करेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि पीएम-उषा के तहत मिला अनुदान संस्थान को डिजिटल और वैश्विक शिक्षा के नए युग में प्रवेश दिलाने वाला महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# मौसम : कोहरा और धूप की दिन में बनी रही आवाजाही



धूप निकलने पर गांधी उद्यान में झूलों पर मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली में सोमवार को मौसम ने दिनभर कई रंग बदले। सुबह घने कोहरे और हल्की ठंड के साथ दिन की शुरुआत हुई। जिससे लोगों को हल्की ठिठुरन का सामना करना पड़ा।

फिर जैसे-जैसे दिन चढ़ा, धूप खिलने से ठंड में कमी आई और लोगों को राहत मिली। धूप निकलने के बाद भी हवाओं के कारण नमी का अहसास होता रहा। आंचलिक मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार सुबह के समय हल्की ठंड का अहसास होता रहेगा। दिन में धूप से राहत मिलेगी।

वहीं सुबह-शाम हल्की ठंड और दिन में धूप के साथ आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बदलते मौसम में सतर्क रहने और खानपान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।




# महाठग ने एक हजार लोगों से करोड़ों ठगे, रिपोर्ट दर्ज

## हिस्ट्रीशीटर कन्हैया गुलाटी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पांच और मुकदमे दर्ज, पत्नी और बेटा भी किए गए नामजद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हिस्ट्रीशीटर कन्हैया गुलाटी का आपराधिक रिकॉर्ड लगातार लंबा होता जा रहा है। कोर्ट के आदेश पर कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी और बेटे पर पांच मुकदमे लगातार दूसरे दिन दर्ज किए गए है। इनमें एक हजार से अधिक लोगों से कैनविज कंपनी और उसका मालिक कन्हैया गुलाटी करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया है। पीड़ित रामपुर और मुरादबाद के भी रहने वाले हैं, जबकि अभी हाल में ही एसएसपी अनुराग आर्य ने कन्हैया गुलाटी की हिस्ट्रीशीट खुलवाई थी। मामले की जांच एसआईटी कर रही है, लेकिन अभी तक कन्हैया गुलाटी पुलिस के हाथ नहीं लगा है।


कन्हैया गुलाटी।

- शातिर ठग के खिलाफ लगातार दूसरे दिन दर्ज कराए गए पांच और मुकदमे
- रामपुर और मुरादाबाद के ठगी के शिकार आए सामने, की कार्वाई की मांग

### मुरादाबाद के युवक समेत 58 लोगों से करोड़ों ठगे

**केस-1** जिला मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 4 निवासी कलीम अहमद ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में 17 लाख 75 हजार रुपये का निवेश किया था। उसके साथ 58 अन्य लोगों ने भी करोड़ों रुपये निवेश किए थे। आरोप है कि कन्हैया गुलाटी सभी के रुपये लेकर फरार हो गया। उसने बारादरी पुलिस से लेकर एसएसपी कार्यालय तक में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब बारादरी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### रामपुर के युवक समेत 186 लोगों से 8 करोड़ ठगे

**केस-2** रामपुर जिले के थाना अजीमनगर के गांव मजरा इमरता निवासी जुबैर ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में 2 लाख रुपये का निवेश किया था। उसके साथ 186 अन्य लोगों ने भी कैनविज कंपनी में करोड़ों रुपये लगाए थे, लेकिन कंपनी का मालिक कन्हैया गुलाटी सभी के रुपये लेकर फरार हो गए। व्हाट्सएप कॉल पर अब पैसे वापस मांगने या पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसके साथ अन्य लोगों के भी 8 करोड़ रुपये लेकर वह फरार चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 12 लोगों से करोड़ों लेकरदी जान से मारने की धमकी

**केस-3** बारादरी थाना क्षेत्र के ट्यूलिप टॉवर स्टेडियम रोड निवासी प्रमोद सिंह परिहार ने बताया कि उसके साथ 12 अन्य लोगों ने करोड़ों रुपये कैनविज कंपनी में निवेश किए थे। उसके बाद कंपनी बंद करके उसका मालिक कन्हैया गुलाटी फरार हो गया। व्हाट्सएप कॉल के जरिये अब पैसे वापस मांगने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस से शिकायत की तो कोई कार्वाई नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 769 लोगों को लगाया करोड़ों का चूना

**केस-4** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के वीरसावरकर नगर निवासी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में 26 लाख रुपये का निवेश किया था, जबकि उसके साथ 769 लोगों ने भी कंपनी में करोड़ों रुपये लगाए थे। पैसा लेते ही कन्हैया गुलाटी परिवार के साथ भूमिगत हो गया। अब गुलाटी पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी राधिका गुलाटी, बेटे गोपाल गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**युवक और उसके रिश्तेदार से 36 लाख ठगे:** किला थाना क्षेत्र के स्वालेनगर नवदिया निवासी मोहन मौर्य ने बताया कि उसके घर पर पुष्पेन्द्र, सोनू चंद्रा, होमगार्ड नरेश मौर्य दो साल पहले आए थे। उन्होंने बताया कि कैनविज कंपनी में 18 साल से काम कर रहे हैं। कंपनी का मालिक कन्हैया गुलाटी है। उन्होंने कहा कि कंपनी में पैसा लगाने पर 12 प्रतिशत का ब्याज मिलता है। इसके बाद उनके कहने पर उसने 12 लाख रुपये कैनविज कंपनी में लगा दिए। उन्होंने कहा कि किसी अन्य परिचित के पैसे लगवाने पर दो प्रतिशत ब्याज अतिरिक्त दिया जाएगा। इसके बाद उसने अपने रिश्तेदार और मिलने वालों के कुल 24 लाख रुपये और लगवा दिए। निवेश के कुछ माह बाद तक पैसे आए लेकिन फिर पैसे आना बंद हो गए। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी, जगतपाल सिंह मौर्य, पुष्पेन्द्र उर्फ सोनू चंद्रा और नरेश मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मकसूदी ब्रिक फील्ड से होगी 2.21 लाख रुपये की वसूली

**बरेली, अमृत विचार:** उप श्रमायुक्त बरेली क्षेत्र डॉ. दिव्य प्रताप सिंह ने मेसर्स मकसूदी ब्रिक फील्ड के सेवायोजक एजाज अहमद निवासी ग्राम सिजौलिया से 221184 रुपये की वसूली कराने के लिए एडीएम एफआर को वसूली प्रमाणपत्र भेजा है। उप श्रमायुक्त ने कहा है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद धनराशि जमा नहीं की है, जबकि निर्णय की तिथि से 30 दिन के अंदर जमा करनी चाहिए थी। प्रतिवादी से वसूली के लिए वसूली प्रमाणपत्र जारी किया गया है। ग्राम डंडिया निवासी नजमूल निशा की शिकायत पर उप श्रमायुक्त ने वेतन भुगतान अधिनियम के अंतर्गत वाद दर्ज कर मामले की सुनवाई की थी। 30 दिसंबर 2022 को निर्णय आदेश जारी किया था। वादी पक्ष ने वसूली के लिए वसूली प्रमाण-पत्र जारी करने की गुहार की थी।

# सुपर फ्रेंचाइजी बनाने के नाम पर 27 लाख की ठगी, आठ पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इच्छापूर्ति कंपनी में फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर व्यापारी से 27 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। कोतवाली पुलिस ने नई दिल्ली के 8 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरु कर दी है।

मठ की चौकी आलमगिरीगंज निवासी पुलक गुप्ता ने बताया कि 2021 में उसे इच्छापूर्ति कंपनी के बारे में अखबार में निकले विज्ञापन के माध्यम से जानकारी हुई। उसने विज्ञापन में दिए नंबर पर कॉल की तो कंपनी के स्थानीय कर्मचारी विवेक उसके पास आए। विवेक ने बताया कि कंपनी कई सौ करोड़ रुपये के फ्रंटलाईन एनसीआर बिजनेस सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड जिसे फ्रंटलाईन इच्छापूर्ति ग्रुप के नाम से जाना जाता है। अगर इच्छापूर्ति में निवेश करेंगे तो अच्छा लाभ होगा। अगर वह सुपर फ्रेंचाइजी बनता है तो उसे अपने स्टोर का किराया, बिजली बिल के अतिरिक्त प्रतिमाह लगभग 6 लाख रुपये का कमीशन मिलेगा। सभी लाभ पाने को 20 लाख रुपये निवेश करने को कहा।

इसके बाद पुलक ने 10 सितंबर 2021 को 10 लाख रुपये और 29 अक्टूबर 2021 को 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद सात लाख और कम्पनी में निवेश किये। लेकिन न तो तय समय पर कोई सामान भेजा गया न ही किराया या कमीशन। पुलिस ने नई दिल्ली के इन्द्रपुरी निवासी संजय सिन्हा, पुष्पेश सिन्हा, सोनिया सिन्हा, आदित्य सिन्हा, विजय कुमार शर्मा, अमित, विशाल कमल, वैदयनाथ गोस्वामी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### 4000 निवेशक, 80 करोड़ तक की ठगी का आरोप

पीड़ित ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि कंपनी ने देशभर में करीब 4000 लोगों से सिक्योरिटी डिपॉजिट और मेंबरशिप के नाम पर 60 से 80 करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। ठगी के लिए फर्जी इनवॉइस, फर्जी वर्क ऑर्डर, रिश्तेदारों की कंपनियों को ऊंचे दामों पर ठेके दिखाकर निवेश की गई रकम का गबन किया गया। आरोप है कि जुलाई 2021 में जब पुरानी कंपनियां जांच के घेरे में आईं, तो इस गैंग ने इच्छापूर्ति नाम से नई कंपनी बनाकर ठगी जारी रखी। इसकी जिम्मेदारी बैद्यनाथ गोस्वामी को सौंपी गई।

- कोतवाली पुलिस ने नई दिल्ली के इन्द्रपुरी निवासी आरोपियों पर दर्ज की रिपोर्ट

# मायके से 10 लाख नहीं लाने पर महिला को घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार:** मायके से 10 लाख रुपये नहीं लाने पर महिला को ससुरालियों ने मारपीट करके घर से निकाल दिया। महिला ने पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने का भी आरोप लगाया है। इज्जतनगर पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इज्जतनगर क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसका विवाह 14 दिसंबर 2024 को उत्तराखंड के देहरादून थाना डालनवाला के संजय कॉलोनी निवासी मनीष सूर्या से हुआ था। विवाह में 25 लाख से अधिक का दहेज देने के अलावा पांच लाख रुपये नगद दिए थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके पति, सास, ससुर उसे प्रताड़ित करने लगे। मारपीट भी की गई। ससुराली मायके से 10 लाख रुपये लाने की मांग करने लगे। अभी भी अड़े हैं।

# हार्टमन के पास से हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, बरेली


मिनी बाईपास पर अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के बीच सोमवार को फिर से अतिक्रमण हटाने का सख्त अभियान चलाया। इस बार बुलडोजर लेकर निकली टीम ने सबसे पहले मिनी बाईपास रोड पर सड़क किनारे रेत-बजरी आदि निर्माण सामग्री बेचने वाले विक्रेताओं पर कार्रवाई की। इसके अलावा टीम ने रामलीला मैदान के सामने और हार्टमैन कॉलेज के पास अयोध्या नगर कॉलोनी में भी कार्रवाई करते हुए सख्त रुख अपनाया। मौके पर अतिक्रमणकारियों से 55 हजार का जुर्माना वसूला गया।

राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि मिनी बाईपास से जैसे ही अभियान शुरू हुआ तो कई दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान समेट लिया। सड़क किनारे ठेला-फड़ लगाने वालों को टीम ने खदेड़ दिया गया। मिनी बाइपास रोड पर टीम ने रेत और बजरी के व्यापारियों से 35 हजार रुपये औरएक दुकान के सामने रखे जनरेटर पर 20 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। कुल मिलाकर अभियान के दौरान 55 हजमार रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, अतिक्रमण हटाते हुए ठेले, तख्त, काउंटर और अन्य अस्थायी संरचनाओं को जब्त किया गया, अतिक्रमण हटाने की इस सख्त कार्रवाई से सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों में भारी नाराजगी देखी गई, लेकिन निगम की टीम ने बिना रुके अपना अभियान जारी रखा। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने कहा कि शहर में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम का अतिक्रमण अभियान आगे भी जारी रहेगा।

- रेता-बजरी विक्रेताओं पर की सख्ती, 55 हजार रुपए का जुर्माना वसूला




# दूसरे की नंबर प्लेट लगाकर चला रहा स्कूटी, गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार:** प्रेमनगर का रहने वाला एक युवक इज्जतनगर के युवक की स्कूटी की नंबर प्लेट अपनी स्कूटी पर लगाकर चला रहा है। मामले में नामजद रिपोर्ट के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के लिंकर इंक्लेव रहपुरा रोड निवासी अली मोहम्मद ने बताया कि उसकी स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 25 डीएन 6084 है। स्कूटी का पंजीकरण भी उसके नाम से है। आरोप है कि उसकी स्कूटी की नंबर प्लेट फर्जी तरीके से इमरान उर्फ सोबी पुत्र अमजद खान निवासी कोहाड़ापीर थाना प्रेमनगर अपनी स्कूटी पर लगाकर चला रहा रहा है। उसके पास स्कूटी के चालान का मैसेज के बाद जानकारी हुई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने इमरान उर्फ सोबी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# लूट -चोरी करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में घायल, भेजे गए जेल

भमोरा,अमृत विचार

भमोरा पुलिस ने लूट और चोरी करने वाले दो बदमाशों की रविवार की रात घेराबंदी की। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार की शाम को पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

भमोरा पुलिस ने लूट और चोरी के मामलों में वांछित दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। रविवार देर रात्रि रम्पूरा बुजुर्ग अलीगंज रोड पर बने रेलवे अंडरपास पर बदमाशों के होने की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची। पुलिस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी जबकि एक मौके से फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान जफर उर्फ जफरुद्दीन पुत्र वसीम निवासी बैकुंठपुर थाना भोजीपुरा दूसरे बदमाश की पहचान सुदामा उर्फ केशव पुत्र ओमप्रकाश निवासी करमपुर चौधरी थाना इज्जत नगर के रूप में हुई। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिल,दो तमंचे,दो जिंदा कारतूस व दो खोखा,चार मोबाइल फोन, 15 सो रुपए नगद बरामद हुए । पकड़े गए बदमाशों पर गाजियाबाद, सीतापुर और बरेली सहित कई जनपदों में आर्म एक्ट, एनडीपीएस एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमे पंजीकृत है। फरार आरोपी आसिफ की तलाश में टीम गठित की गई है। थाना भमोरा प्रभारी सनी चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बदमाशों का मेडिकल करा जेल भेजा गया है। फरार आरोपी की तलाश में टीम गठित की गई है। जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।


घायल बदमाश। ● अमृत विचार

- पुलिस ने की घेराबंदी तो आरोपियों ने कर दी फायरिंग
- पकड़े गए आरोपियों से चोरी की दो बाइक, लूटे गए मोबाइल फोन और असलाह बरामद

# नाले में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार:** प्रेमनगर क्षेत्र में सोमवार की सुबह नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस और युवक के परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरु कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के अशरफ छावनी खां निवासी 45 वर्षीय आरिफ का शव सोमवार की सुबह हार्टमन कॉलेज के पास नाले में पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने नाले में शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी पर आरिफ का भाई अयूब और अन्य परिजनों भी मौके पर पहुंचे। प्रेमनगर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होना आया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि शराब के नशे में नाले में गिर गया होगा, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। परिवार में उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं।


**अनदेखी** बड़ी संख्या में सोसायटी, एक ने भी नहीं कराया पंजीकरण, न लिया एनओसी

# विभाग को नहीं पता कितनी लिफ्ट, कैसे रोकेंगे हादसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में बहुमंजिला इमारतों की अनेक लिफ्टों में खामियां हैं। जिनकी वजह से हादसों का खतरा बना रहता है। जनपद में पांच सौ से अधिक सोसायटी हैं, जिनमें से कुछ कामर्शियल भवनों को छोड़ कर अधिकतर लिफ्टों का विभाग में पंजीकरण ही नहीं कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि विद्युत सुरक्षा विभाग को यह भी पता नहीं है कि जिले में कितनी लिफ्ट लगी हैं। ऐसे में विभाग हादसे कैसे रोक सकेगा। विभाग अब अभियान चलाने का दावा कर रहा है।

शहर की कामर्शियल बहुमंजिला इमारतों में लगी लिफ्टों की बात करें तो 50 प्रतिशत सही हैं तो आधे में अनेक खामियां हैं। जिम्मेदार इनकी सुध लेने के बजाय हादसों का इंतजार कर रहे हैं। यहीं कारण है कि जिले में पांच सौ से अधिक छोटी-बड़ी बहुमंजिला इमारतें हैं, जिनमें से अभी तक न मात्र में ही सोसायटी ने लिफ्टों का पंजीकरण कराया है। सोसायटी के अलावा होटल, हॉस्पिटल, मॉल समेत अन्य प्रतिष्ठान भी शामिल हैं।


लिफ्ट का प्रतीकात्मक फोटो। ● अमृत विचार

- आए दिन लिफ्ट फंसने से हो रहे हैं हादसे, विभाग तेजी से चलाएगा अभियान
- सोसायटी, होटलों, अस्पताल और मॉल में भी हैं लिफ्ट

### रेस्टोरेंट की लिफ्ट में 30 मिनट तक फंसे थे 10 बच्चे

राजेंद्र नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में बीती रविवार की शाम लिफ्ट में 10 बच्चे 30 मिनट तक फंसे रहे। लिफ्ट में बच्चों के फंसे होने की सूचना पर रेस्टोरेंट में अपना-तफरी मच गई किसी तरह लिफ्ट का दरवाजा तोड़कर बच्चों को बाहर निकल गया था। भाजपा नेता संजीव शर्मा की बेटी की ननद, कुछ बच्चों समेत कुल 10 लोग रेस्टोरेंट की लिस्ट में फंस गए थे। लिफ्ट प्रथम फ्लोर से ऊपर जा रही थी, लेकिन ऊपर पहुंचने से पहले ही अचानक रुक गई। ऐसे में 30 मिनट तक बच्चे लिफ्ट में फंसे रह गए, जिससे बच्चों के दम घुटने जैसे हालात बन गए थे।

“जिले में अधिकतर लोगों ने बिना पंजीकरण कराये लिफ्ट लगायीं हैं। इस कारण विभाग को जानकारी कम है। जल्द ही अभियान चलाकर लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

–**निर्भय सिंह**, सहायक निदेशक, विद्युत सुरक्षा

### इन लापरवाही से फंसती और खराब होती है लिफ्ट

- समय पर लिफ्ट का मेंटेनेंस नहीं होना।
- अच्छी गुणवत्ता की लिफ्ट न होना।
- तय वजन से ज्यादा लोगों का चढ़ना।
- लिफ्ट को उपयोग करना नहीं आना।
- लिफ्ट में गार्ड का न होना।

### लिफ्ट लगाने के ये हैं मानक

- लिफ्ट में कैमरा होना चाहिए।
- आटोमेटिक रेस्क्यू डिवाइस लगी हो।
- लिफ्ट का अलार्म सिक्योरिटी रूम से जुड़ा हो।
- इंटरकॉम की सुविधा होनी चाहिए।
- लिफ्ट अच्छी क्वालिटी की होनी चाहिए।
- लिफ्ट में अग्नि शमन यंत्र भी लगा हो।
- एनओसी होनी चाहिए।

सिटी ब्रीफ

### आकाशवाणी बरेली मना रहा रेडियो सप्ताह

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व रेडियो दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी बरेली ने रेडियो सप्ताह की शुरुआत की है। विश्व रेडियो दिवस 13 फरवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर आकाशवाणी बरेली ने रेडियो सप्ताह मनाना शुरू किया और आकाशवाणी बरेली के कार्यक्रम प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में आकाशवाणी की टीम ताज रेडियो क्लब करेली में रेडियो श्रोताओं से रूबरू हुई। टीम में सहयोगी आकाशवाणी बरेली के असाइनी उद्घोषक देवेन्द्र रावत और प्रदीप मिश्रा रहे। श्रोता अपने बीच में टीम की उपस्थिति से उत्साहित रहे। मिथिलेश श्रीवास्तव ने श्रोताओं से रेडियो से जुड़ाव, पसंद, कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उनके प्रसारण की बेहतरी के सुझाव सुने। इस अवसर पर रेडियो श्रोता लाल मोहम्मद अन्सारी, अबरार हुसैन अन्सारी, नासिर हुसैन अन्सारी, मुख्तेयार अहमद अन्सारी उपस्थित रहे।

### मदरसा परीक्षा: 306 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी की मदरसा परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सोमवार को संपन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 1930 छात्र-छात्राओं ने प्रथम पाली में भाग लिया। वहीं, 954 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 306 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में कुल उपस्थिति 75 प्रतिशत रही। 25 प्रतिशत लोग अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में छात्र 670 पंजीकृत थे, जिसमें से 553 छात्र उपस्थित रहे, 117 लोगों ने परीक्षा छोड़ दी।

### रक्षा अध्ययन की मिडटर्म परीक्षा कल

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के रक्षा अध्ययन विभाग के बीए और बीएससी के प्रथम सेमेस्टर की मुख्य प्रयोगात्मक परीक्षा 14 फरवरी को आयोजित की जाएगी। वहीं, बीए और बीएससी की मेजर और माइनर विषय की प्रथम सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षाएं 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। विभाग प्रभारी प्रो. एमपी सिंह ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को मिडटर्म और प्रयोगात्मक परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# बोर्ड परीक्षा: नकल रोकने को रहेगा कड़ा पहरा

## जिले में बनाए गए हैं 129 परीक्षा केंद्र, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम और प्रश्नपत्र सुरक्षा पर रहेगी सचल दल की नजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। यूपी बोर्ड ने परीक्षाओं को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए इस बार सचल दलों की भूमिका को और अधिक प्रभावी कर दिया है। सचल दल केवल औचक निरीक्षण के साथ ही परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गहराई से जांच करेंगे। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों के कंट्रोल रूम, वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा जाएगा। सचल दल को केंद्र पर पहुंचने के बाद पिछले 24 घंटे की रिकॉर्ड गतिविधियों की समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी होगी। यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो टीम को तत्काल ही उच्चाधिकारियों को सूचना देगी ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।



जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानमंत्री मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

जिले में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। जिले में कुल 129 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के लगभग 95 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से कड़ा निगरानी तंत्र तैयार किया है।

अधिकारियों के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जाएगी। बोर्ड के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ डायट प्रवक्ता और राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में चार सचल दल गठित किए गए हैं। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक केंद्र पर उन्हें डबल लॉक वाली आलमारियों में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सचल दल की ओर से आलमारी की सुरक्षा और प्रश्नपत्रों का सत्यापन भी किया जाएगा। किसी भी केंद्र पर सुरक्षा में कमी या नियमों की अनदेखी मिलने पर केंद्र व्यवस्थापक और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीआईओएस डा. अजीत सिंह का कहना है कि परीक्षा को सकुशल और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए परीक्षा को हर हाल में नकलविहीन संपन्न कराया जाएगा। बोर्ड के गाइडलाइन के अनुरुप परीक्षा कराई जाएगी।

### परीक्षा पर चर्चा में बच्चों ने सीखा, कैसे कम करें तनाव

**बरेली, अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित गुलाबराय मॉन्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 6 से 9 और कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आयोजित 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान बच्चों ने जाना कि आत्मविश्वास कैसे बढ़ाएं और किस प्रकार परीक्षा की चुनौती को पूर्ण तैयारी के साथ स्वीकार करें। बच्चों ने यह भी जाना कि कैसे डिजिटल उपवास की रीति यदि अपनाई जाए तो पढ़ाई में अधिक तैयारी का समय मिलेगा। साथ ही खेलकूद के लिए समय निकाला जाए और अपनी कोई कला यदि धीरे-धीरे निखारी जाए तो मस्तिष्क का विकास तीव्र होगा। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली निदेशक त्रिजित अग्रवाल और प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मध्यस्थता अभियान : जिला जज ने वकीलों से किया संवाद




अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह। ● अमृत विचार

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा आयोजित राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने बरेली बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं से संवाद किया।

जिला जज ने अभियान के बिंदुओं से अधिवक्ताओं को अवगत कराते हुए कहा कि अधिवक्ता ऐसे मुकदमे जो आपसी सहमति से निपट सकते हैं, उसमें अधिक से अधिक समझौते का प्रयास करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में मध्यस्थता सप्ताह के सातों दिन आयोजित की जायेगी। प्राधिकरण सचिव जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि मध्यस्थता की प्रक्रिया पक्षकारों की सुविधा के अनुरूप ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों प्रकार से संचालित की जा सकती है। मध्यस्थता सफल होने पर न्यायालय में लंबित वाद का निपटारा कराया जायेगा। इस अवसर पर बार अध्यक्ष मनोज कुमार हरित, एडीजे कुमारी अफशां, देवाशीष, अविनाश कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल भटनागर, अमजद सलीम, नंदकिशोर भगत, राजेश यादव, हिना इलियास समेत काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। संचालन सचिव दीपक पाण्डेय ने किया।

# खनन माफिया पर कार्रवाई को टास्क फोर्स करेगी मंथन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तराखंड से बिना ट्रांजिट शुल्क और रॉयल्टी दिए जनपद में उप खनिज लाने की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स और अधिकारियों की चेकिंग टीम बनी है। जनवरी से लेकर अब तक उप खनिज के वैध-अवैध परिवहन की जांच, नियंत्रण आदि बिंदुओं पर बैठक करने के साथ खनन माफिया की कमर तोड़ने के लिए अधिकारी फिर मंथन करेंगे। 12 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स और अधिकारियों की चेकिंग टीम में शामिल अधिकारियों की डीएम की अध्यक्षता में बैठक होगी।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार की ओर से बैठक का एजेंडा जारी कर दिया गया है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स में डीएम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व) प्रभारी खनन, प्रभागीय वनाधिकारी, सभी उप जिलाधिकारी, सभी सीओ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, खान अधिकारी के अलावा चेकिंग प्वाइंट ड्यूटी टीम में शामिल अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक, उत्तरी, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी (प्रवर्तन) अजय कुमार यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) वैभव सोती, जिला आबकारी अधिकारी, जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, तहसीलदार सदर व बहेड़ी, राज्य कर अधिकारियों में पंकज तिवारी, तारा चन्द्र उपाध्याय, हरीश कुमार त्रिपाठी, सचल दल यूनिट के सहायक आयुक्त संतोष मनी आदि अधिकारी शामिल होंगे।

### टंकण परीक्षा का विद्युत कर्मचारियों ने जताया विरोध

**बरेली, अमृत विचार:** अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल ने विद्युत वितरण मंडल बरेली के सभी खंडों में कार्यरत 44 कार्यकारी सहायकों की टंकण परीक्षा लिये जाने का आदेश जारी किया है। इसको लेकर विद्युत कर्मी लामबंद हो गये हैं।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने सोमवार को कहा कि 44 कार्यकारी सहायक नियमानुसार सेवा के आरम्भ में ही टाइप टेस्ट पास कर चुके हैं। कुछ की तो सेवा ही 7 से 8 वर्ष की बची है। मृतक आश्रित कोटे में भर्ती के लिए यह नियम है कि सेवा प्रारम्भ होने के एक वर्ष के भीतर कार्मिक को टाइप टैस्ट पास करना होता है। जो कार्मिक सीधे भर्ती से आते हैं वो पहले से ही टाइप टैस्ट पास करके आते हैं। ऐसे में ये आदेश मनमाना है। टंकण परीक्षा को तत्काल निरस्त की जानी चाहिए।

# 7 फेरे लेकर जीवनसाथी बने 9 जोड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट की ओर से सोमवार को प्रभात नगर स्थित सोमनाथ मंदिर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नौ युगल का पाणिग्रहण संस्कार विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। बैंड-बाजों और पारंपरिक रस्मों के बीच बारातों का स्वागत और फिर मंत्रोच्चार के साथ पवित्र अग्नि के सात फेरे कराए गए।

ट्रस्ट अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल व सचिव सुदेश सक्सेना ने बताया कि अक्षम परिवारों से गोद ली गई नौ बेटियों का कन्यादान कर सामाजिक दायित्व निभाया गया। मुख्य अतिथि महापौर उमेश गौतम ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सक्षम समाज द्वारा जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना सराहनीय पहल है। आचार्य रमाकांत दीक्षित के



सोमनाथ मंदिर में विवाहरोपरान्त नव दम्पति और कार्यक्रम आयोजक। ● अमृत विचार

● **बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट के सामूहिक विवाह समारोह में भव्य आयोजन**

सानिध्य में नौ वेदियों पर पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुए। विवाह के दौरान वर-वधू ने सात वचन लेकर साथ निभाने का संकल्प लिया। समारोह के अंत में भावुक माहौल के बीच कन्याओं की विदाई हुई।

ट्रस्ट की ओर से सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट किया गया और सरकारी योजनाओं से आर्थिक सहायता दिलाने के प्रयास की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष उमंग गर्ग, सह सचिव मनोज बंसल, कानूनी सलाहकार हर्ष कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अमित रस्तोगी, सुरेश चंद्र गुप्ता, दीपेश कुमार अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल, मुकेश बंसल, अनिल खंडेलवाल, संजय अग्रवाल, मोहित रस्तोगी, लखन शर्मा, समक्ष अग्रवाल, पूनम गर्ग, सिद्धांत बंसल, रविदत्त, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन अजय राज शर्मा ने किया।

### लोकतंत्र सेनानी की द्वितीय पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** भगवा परिषद् बरेली और सद्भाव समाज सेवा समिति परिवार के संयुक्त तत्वावधान में शांति बिहार कालोनी में आपातकाल के लोकतंत्र रक्षक सेनानी, समाजसेवी ओम् प्रकाश आर्य की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्र धर्म, हिन्दू सनातन धर्म संस्कृति, अयोध्या राम मन्दिर मुक्ति आन्दोलन के प्रति उनके सक्रिय बलिदान, त्याग व समर्पण को नमन किया गया।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए भगवा परिषद् के प्रदेश प्रवक्ता संतोष उपाध्याय ने युवा पीढ़ी से उनके मार्ग का अनुसरण करने को कहा। भगवा परिषद् के अशोक मेहता बिट्टू ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अयोध्या जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन सन् १९९२ में रासुका बंदी रहे, चौदह माह बांदा जेल में बंद रहे।

# खांसी-बुखार का प्रकोप, जिला अस्पताल में पहुंचे 24 सौ मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** खांसी, बुखार और एलर्जी समेत जोड़े के दर्द के मरीजों की संख्या इन दिनों बढ़ गई है। जिला अस्पताल की ओपीडी सोमवार को ऐसे मरीजों से भरी दिखी। मरीज दोपहर तक जिला अस्पताल आते रहे। डॉक्टर को दिखाने के लिए उनके पर्चे तो समय पर बने, लेकिन दवा लेने के लिए मरीजों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को लगभग 2400 मरीज दवा लेने के लिए पहुंचे थे। सुबह अस्पताल पहुंचे मरीज दोपहर में दो बजे तक दवा लेने के लिए मशक्कत करते रहे। अस्पताल से मिले आंकड़ों के मुताबिक बदलते मौसम में खांसी और बुखार समेत एलर्जी के रोगी ज्यादा अस्पताल में आए थे। वहीं जोड़ों में दर्द के मरीजों की संख्या भी अधिक थी।



जिला अस्पताल में दवा लेने के लिए जद्दोजहद करते मरीज। ● अमृत विचार

### प्रमाण पत्र के लिए मददगारों संग पहुंचे दिव्यांग

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में प्रत्येक सोमवार को खुलने वाले दिव्यांग काउंटर पर सुबह से दिव्यांगों की भीड़ जुटती है। इस काउंटर पर दिव्यांग प्रमाण पत्र के साथ ही ट्राई साइकिल के लिए पंजीकरण होता है। देहात क्षेत्र के रहने वाले कई दिव्यांग सहयोगियों संग पहुंचे थे।

### रक्त की जांच करने को जुटी मरीजों की भीड़

बुखार, खांसी, डायबिटीज समेत पेट के रोगों से परेशान चले रहे तमाम मरीज खून की जांच कराने के लिए सोमवार को अस्पताल की लैब के बाहर खड़े रहे। सुबह से जुटी मरीजों की भीड़ दोपहर एक बजे तक खून का सैंपल देने को जुटी रही।

### निपुण भारत के असल आंकड़े नहीं दे सकी सरकार

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा में 'निपुण भारत मिशन' को लेकर सांसद नीरज मौर्य ने सरकार से गंभीर सवाल किए, लेकिन उत्तर अधूरे और व्यापकता में कमजोर रहे। सांसद ने खासकर उत्तर प्रदेश के बरेली (आंवला), शाहजहांपुर, बदायूं और जौनपुर जैसे पिछड़े एवं आकांक्षी जिलों में कक्षा तीन तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की वास्तविक प्रगति को लेकर जवाब मांगा। सांसद ने बताया कि उनके सवाल पर सरकार की तरफ से दिए जवाब में बताया कि निपुण भारत मिशन को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू किया गया है और उपलब्धि के तौर पर कुछ नीतिगत कार्यक्रमों का वर्णन किया, परंतु जिलावार और संसदीय क्षेत्रवार जवाबदेही स्पष्ट नहीं की। सरकार यह भी बताने में विफल रही कि कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में सुधार कब और कैसे होगा।

# बैनामों में स्टांप शुल्क चोरी, मनी लॉड्रिंग का शक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **एसपी विजिलेंस ने तिलहर की राम बेटी की शिकायत पर डीएम को भेजा पत्र**

● **जिलाधिकारी ने एडीएम फाइनेंस और एआईजी स्टांप को दिये जांच के आदेश**

**अमृत विचार :** तहसील सदर के उप निबंधक सदर द्वितीय कार्यालय में होने वाले बैनामों में मिलीभगत से स्टांप शुल्क चोरी के साथ सुनियोजित तरीके से लैंड स्कैम और मनी लॉड्रिंग होने की आशंका जतायी गयी है। शाहजहांपुर जनपद के तिलहर के मोहल्ला इमली निवासी राम बेटी की शिकायत मिलने पर उप्र सतर्कता अधिष्ठान बरेली के एसपी ने डीएम को पत्र भेजा है। जिलाधिकारी से सक्षम अधिकारी से प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराने की बात कही है। मामले में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम फाइनेंस और एआईजी स्टांप को जांच कराने के निर्देश दिये हैं।

एसपी विजिलेंस अरविंद कुमार ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि शिकायतकर्ता राम बेटी पत्नी रामनरेश ने अपना शिकायती पत्र ई-मेल के जरिए भेजा। उस शिकायती पत्र के मद्देनजर एसपी ने डीएम से कहा है कि उप निबंधक कार्यालय सदर द्वितीय में अत्यंत संदिग्ध और प्रथम दृष्टया आपराधिक प्रतीत होने वाला भू-विक्रय का मामला हुआ है। शिकायती पत्र में बताया है कि पंजीकृत दस्तावेजों के अनुसार ग्राम करगैना में 0.1640 हेक्टेयर भूमि का हस्तांतरण किया गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस संपत्ति का बाजारी मूल्य 27.88 लाख रुपये है लेकिन इस संपत्ति का विक्रय प्रतिफल मात्र दो लाख दिखाया गया है। बाजारी मूल्य और दिखाए गए मूल्य के बीच 25.88 लाख रुपये का अंतर है। यह अंतर राशि अनकाउंटेंड कैश (कालेधन) के रूप में देने या बेनामी संपत्ति होने का आरोप लगाया। रजिस्ट्री को बिना किसी आपत्ति के पंजीकृत करना स्वयं विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता की ओर भी इशारा कर रहा है। 2021 से पहले दस वर्ष तक की खतौनी और नामांतरण की जांच की भी मांग उठायी है।

### निजी भूमि कब्जाने में दो और भू-माफिया घोषित

**बरेली, अमृत विचार :** निजी भूमि पर अवैध कब्जा करने के मामले में हरियाणा के राजीव राणा सहित दो लोगों को भू-माफिया घोषित किया गया है। दोनों ने मीरगंज तहसील के खिलचीपुर एतमाली गांव में दो महिलाओं की करीब 1.533 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा किया। जांच में भूमि कब्जा करने के आरोप की पुष्टि के बाद एसडीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में गठित तहसील स्तरीय एंटी भू-माफिया समिति ने दोनों को भू-माफिया घोषित करने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट डीएम की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय एंटी भू-माफिया समिति के पास भेजी। जिला समिति ने एसएसपी से भी रिपोर्ट मांगी। पुलिस की रिपोर्ट के बाद जिला स्तरीय एंटी भू-माफिया समिति ने दोनों को भू-माफिया घोषित किया। कलेक्ट्रेट से मिली जानकारी के अनुसार भू-माफिया घोषित होने वालों में राजीव राणा पुत्र लटूर सिंह वर्तमान में मीरगंज के भोलापुर शंखापुर गांव में रहता है, लेकिन मूलरूप से हरियाणा के कैथल जिले की तहसील कलायत के ग्राम दुमाड़ा का निवासी है। उसका साथी ऐवरन सिंह पुत्र दान सिंह भी भोलापुर शंखापुर गांव का निवासी है। संयुक्त मिलीभगत से दोनों ने खिलचीपुर एतमाली गांव में 7 गाटा संख्याओं की करीब 1.533 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा किया था। मीना देवी पत्नी पप्पू निवासी नरेली रसूलपुर और जसोदा देवी पत्नी आनंद स्वरूप निवासी सिरोधी अंगदपुर ने एसडीएम से भूमि पर कब्जा होने का आरोप लगाते हुए दोनों के विरुद्ध लिखित शिकायत की थी। इसके बाद तहसील स्तरीय एंटी भू-माफिया समिति ने कब्जेदारों के विरुद्ध जांच की और उसमें आरोप सही पाए गए थे। वहीं, उपरोक्त दोनों को मिलाकर जिलेभर में 22 भू-माफिया घोषित है। 20 पहले से हैं। एंटी भूमाफिया पोर्टल पर भी रिकार्ड अपलोड करा दिया है, लेकिन अभी तहसील सदर के तीन भूमाफिया का रिकार्ड पोर्टल पर अपलोड नहीं है।


जीबीसी-5 | जिले में 15 हजार करोड़ औद्योगिक निवेश का है लक्ष्य

# दस हजार युवाओं को रोजगार देने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाने के साथ ही युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जीबीसी - 5 में जनपद को 15 हजार करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश बढ़ाने का लक्ष्य मिला है। इसे धरातल पर उतारने के लिए उद्योग विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इतने बड़े निवेश से जिले के दस हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए उद्यमियों के साथ विभाग ने बैठक भी करना शुरू कर दिया है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-5) के तहत जिले में एक बार फिर से उद्योग स्थापना की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत जिले को 15 हजार करोड़ का लक्ष्य मिला है। इसे पूरा करने के लिए 21 विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उद्योग विभाग की मानें तो अब तक करीब ढाई हजार करोड़ रुपये निवेश के करार भी हो चुके हैं। करीब ढाई हजार करोड़ के निवेश की प्रक्रिया चल रही है। उद्यमियों से संपर्क कर निवेश और उसके लाभ बताए जा रहे हैं। जबकि, जीबीसी 4.0 में 30 हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य मिला था। इसके सापेक्ष 318 उद्योगों के लिए 35,101 करोड़ रुपये के निवेश करार हुए थे।



● **लक्ष्य को पूरा कराने के लिए उद्योग विभाग ला रहा तेजी**

जीबीसी-5 के लिए बरेली विकास प्राधिकरण और यूपीसीडा को चार-चार हजार करोड़ रुपये के निवेश करार का लक्ष्य मिला है। उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि शासन से 15 हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य मिला है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर अलग-अलग विभागों को लक्ष्य दिए गए हैं। करीब ढाई हजार करोड़ रुपये के निवेश करार हो चुके हैं। लक्ष्य हासिल करने के लिए निवेशकों से संपर्क कर उनके साथ बैठक भी की जा रहा है। इन निवेश प्रस्तावों के आकार लेते ही युवाओं के लिए रोजगार का रास्ता साफ हो जाएगा।

### प्राथमिक शिक्षक संघ के जितेंद्र जिलाध्यक्ष गिरजेश बने मंत्री

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (तिवारी गुट) के लखनऊ स्थित कार्यालय पर बरेली के शिक्षक नेताओं ने एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह और प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी से भेंट की। नेताओं ने उनका पुष्पगुच्छ और राधा रानी का छाया चित्र प्रदान कर स्वागत किया। प्रदेश नेतृत्व ने बरेली जिले की नई टीम का गठन करते हुए जितेंद्र गंगवार को जिलाध्यक्ष और गिरजेश कुमार को जिला मंत्री नियुक्त किया। बैठक में टीईटी से शिक्षकों को छूट दिलाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार से प्रयास करने का आश्वासन दिया गया। संगठन विस्तार के लिए जल्द ब्लॉकों में टीम गठन किया जाएगा। भेंट करने वालों में देवेंद्र गंगवार, अरविंद चौधरी, अजय कुमार, पुष्कर आदि शिक्षक शामिल रहे।

# आईवीआरआई में शुरू हुआ वर्मी कंपोस्ट प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में बिहार से आए 20 किसानों के लिए सोमवार को चार दिवसीय प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण का शुभारंभ हुआ। इसका लक्ष्य किसानों को वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन और जय गोपाल' किस्म के केंचुओं के सही रखरखाव की वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराना है। कार्यक्रम कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से प्रायोजित किया गया है।

उद्घाटन सत्र में प्रसार शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. रुपसी तिवारी ने बताया कि कृषि में जैविक इनपुट्स के उपयोग से फसलों की गुणवत्ता सुधरती है और रसायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है। डॉ. श्रुति ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि में आईवीआरआई के विशेषज्ञ कृषकों को वर्मी कम्पोस्ट के विविध उत्पादन तकनीकों जैसे रसोई अपशिष्ट आधारित, स्लरी आधारित और मशरूम अपशिष्ट से कम्पोस्ट तैयार करने पर व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रदर्शन देंगे। उद्घाटन सत्र में कृषकों ने उत्साह दिखाया तथा अपने अनुभव और अपेक्षाओं को साझा किया।



प्रशिक्षण में मौजूद आईवीआरआई के वैज्ञानिक व किसान। ● अमृत विचार

### किसानों को ऑयस्टर मशरूम का प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान विभाग की ओर से सोमवार को फरीदपुर के किसुर्रा गांव में शास्त्री स्पॉन लैब के सहयोग से मशरूम कल्टीवेशन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। मशरूम विशेषज्ञ और प्रशिक्षक पादप विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. विजय कुमार सिंहाल ने किसानों के द्वारा उगाया गया ऑयस्टर मशरूम को कंपनियों के द्वारा खरीदा जाएगा। इससे उनकी आय बढ़ेगी। मुख्य अतिथि जिला कमांडेंट राजमणि सिंह रहे। प्रशिक्षण में 100 किसान शामिल हुए।

## पहले दिन पांच स्कूलों के 382 बच्चों का किया टीकाकरण

**बरेली/शेरगढ़, अमृत विचार :** स्कूली बच्चों को खसरा से बचाव को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय शेरगढ़ (प्रथम), जाफरपुर, ब्योंधा, बैरमनगर और रम्पुरा में कक्षा एक से पांच तक के 382 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ गजेंद्र सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय, निजी विद्यालय, मदरसा आदि समेत ब्लाक के विद्यालयों में पंजीकृत कक्षा 1 से 5 तक के सभी छात्र-छात्राओं को खसरा से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय बैरमनगर में 75, रम्पुरा में 50, जाफरपुर मदरसा में 27, ब्योंधा में 140 तथा प्राथमिक विद्यालय शेरगढ़ प्रथम में 90 बच्चों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण 27 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर लाल बहादुर सिंह, अजीत कुमार, प्रधानाध्यापक राजीव शर्मा, लईक अहमद, एएनएम सलमा, पूजा, प्रवेश कुमारी, मुमताज, चित्र रेखा, सर्वेश कुमारी, कुसुम, भागवती, नन्ही आदि मौजूद रहे।

# दावे चकाचक, सड़कों पर गंदगी के अंबार

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के नाम पर दिखावे की सफाई से शहर का हाल बेहाल, जलभराव से गलियां डूबीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम का दावा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर शहर पूरी तरह सक्रिय है, लेकिन वास्तविक स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आती है। कागजों में जहां सफाई अभियान और नालों की सफाई का दावा किया जा रहा है, वहीं शहर के प्रमुख मार्गों और वार्डों में गंदगी और पानी निकासी की खराब स्थिति ने चिंता पैदा कर दी है। आगामी सर्वेक्षण में रैंकिंग में गिरावट की आंशका बढ़ रही है। खासकर पुराना शहर, जगतपुर, कटरा चांद खा, हजियापुर जैसे कई इलाकों में यह समस्या और गंभीर है।

दरअसल, इसी महीने केंद्रीय मंत्रालय की टीम किसी भी दिन बरेली आ सकती है। ऐसे में स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम की ओर से दावा किया जा रहा है कि तैयारी जोरों पर है। सड़क और नालों की सफाई, कचरा हटाने व टूटी स्ट्रीट लाइट बदलने जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त भी स्वयं वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

निगम ने खाली पड़े प्लॉटों से कचरा हटाने और डिवाइडरों पर रंग-रोगन कराने का काम भी शुरू किया है। उसके बावजूद शहर में सार्वजनिक जगहों पर कूड़ा और गलियों में भरा गंदा पानी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इतना ही नहीं सिल्ट भरे नालों के चलते गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इसकी वजह से बेहतर रैंकिंग हासिल करना मुश्किल नजर आता है। कहा जा रहा है कि यह स्थिति स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के विपरीत है, जहां वायु गुणवत्ता के साथ जल निकासी व्यवस्था का भी कड़ा मूल्यांकन किया जाता है। इस मोर्चे पर नगर निगम की विफलता आगामी रैंकिंग में भारी पड़ सकती है। इधर, नागरिकों का कहना है कि सिर्फ दिखावे की सफाई और कागजी दावों से नहीं, बल्कि नियमित, सतत सफाई और जनता की भागीदारी से ही शहर की स्वच्छता में वास्तविक परिवर्तन आ सकता है।



पुराना शहर में सडक पर फैला नाली का गंदा पानी व कीचड़। ● अमृत विचार



हजियापुर में सड़क पर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

- नगर निगम के जिम्मेदारों की सर्वेक्षण तैयारियों पर भी उठे गंभीर सवाल
- पुराना शहर, हजियापुर समेत कई वार्डों में सफाई व्यवस्था नाकाम

### स्वच्छता में बरेली की सकारात्मक छलांग

रैंकिंग की बात करें तो नगर निगम ने पिछले तीन वर्षों में स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार सुधार दर्ज किया है। वर्ष 2022 में 137वीं रैंक थी, जो 2023 में 80वीं और 2024 में देश में 20वीं रैंक तक पहुंच गई है, यह रैंकिंग डोर-टू-डोर कचरा संग्रह, नालों की सफाई और बेहतर रख-रखाव के प्रयासों का परिणाम है। नगर आयुक्त संजीव मौर्य का कहना है कि इस प्रगति को और आगे बढ़ाने के लिए निगम ने अपने सभी जोनों के सफाई निरीक्षक, सफाई नायक, सफाई मित्र और कूड़ा संग्रह कर्मियों को प्रशिक्षण दे रहा है। कामकाज सुधारने के लिए समय-समय पर कार्यशालाओं के माध्यम से कर्मियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों की स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। यह पहल शहर को ओडीएफ और गार्बेज फ्री सिटी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, ताकि बरेली की स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग और बेहतर हो सके।

## फरीदपुर नगर में बसों के प्रवेश पर रोक हटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण वाजपेयी ने फरीदपुर नगर के भीतर निगम की बसों को प्रवेश देने के संबंध में पुराना बस स्टैंड और सैटेलाइट बस स्टैंड के केंद्र प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं।

उसमें कहा गया है कि रोडवेज ने फरीदपुर नगर के अंदर बसों के संचालन पर रोक लगाई थी, जिससे आम जनता, व्यापारियों और यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय स्तर पर विधायक संजीव अग्रवाल की ने रोक हटाने अपील की।

जिसके बाद फरीदपुर एसडीएम और सीओ से समन्वय कर नगर के भीतर बसों के प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई है। एआरएम ने बताया कि सभी चालकों और परिचालकों को फरीदपुर नगर के भीतर बस संचालन के लिए केंद्र प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है, ताकि निगम को हो रही राजस्व हानि और आम जनता की परेशानियों को समाप्त किया जा सके।



# विश्वविद्यालय की हैंडबॉल टीम का हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय पुरुष और महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता सोमवार को बरेली कॉलेज खेल मैदान पर आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विश्वविद्यालय परिसर और बरेली कॉलेज की टीमों ने तो महिला वर्ग में बरेली कॉलेज और वीरागंना रानी अंवतीबाई महिला महाविद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अन्य महाविद्यालयों की टीमों के नहीं आने से विश्वविद्यालय की टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से किया गया।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में बरेली कॉलेज और रूहेलखंड विश्वविद्यालय टीमों के बीच ट्रायल मैच कराकर विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया गया। वहीं, महिला वर्ग में बरेली कॉलेज और वीरागंना रानी अंवतीबाई महाविद्यालय की टीम तथा विश्वविद्यालय परिसर की एक खिलाड़ी ने भाग लिया। महिला वर्ग में बरेली कॉलेज और अंवतीबाई की टीमों के बीच ट्रायल मैच कराकर विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया गया।

इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय ने किया। इस दौरान विश्वविद्यालय की पर्यवेक्षक के रूप में गोकुलदास महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारू मेहरात्रा रही। अंतर विश्वविद्यालयीय ट्रायल में विश्वविद्यालय की टीम के चयन के लिए विशेषज्ञ के रूप में धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में आरिफ और शान रहे। इस अवसर पर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान, डॉ. नीरज मलिक, राजू, डॉ. अनुभूति, मो. रमजान, प्रीति कश्यप, संतोष सिंह, रमेश गंगवार आदि उपस्थित रहे। बरेली कॉलेज क्रीड़ा सचिव और आयोजन सचिव विवेक डागर ने बताया कि प्रतियोगिता से चयनित टीम नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में भाग लेगी। पुरुष टीम पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला और महिला टीम एचपी विश्वविद्यालय शिमला में प्रतिभाग करेगी।



बरेली कालेज मैदान पर हैंड बाल प्रतियोगिता के दौरान छात्राएं। ● अमृत विचार

### सेमेस्टर परीक्षाओं ने घटायी खिलाड़ियों की भागीदारी

विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं पर सेमेस्टर परीक्षाओं का सीधा असर देखने को मिल रहा है। परीक्षाओं की तैयारी और खेल प्रतियोगिता के समय और परीक्षा तिथियों के टकराव के कारण कई खिलाड़ी अभ्यास और प्रतियोगिताओं से दूरी बना रहे हैं। इससे टीमों का संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। खेल प्रशिक्षकों का कहना है कि प्रतिभावान छात्र परीक्षा दबाव के चलते नियमित अभ्यास नहीं कर पा रहे। इसके कारण उनके खेल प्रदर्शन पर भी असर पड़ रहा है। वहीं, कुछ खिलाड़ियों ने भी बताया कि पढ़ाई के साथ परीक्षाओं की जिम्मेदारियों और खेल के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## बिहार गया परिवार मकान से लाखों रुपये की चोरी

**बरेली, अमृत विचार:** परिवार के साथ बिहार गए युवक के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर नगदी समेत लाखों रुपये का माल चुरा ले गए। पीड़ित ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। बिहार राज्य के जिला सिवान के थाना रघुनाथपुर निवासी सुधीर कुमार दूबे ने बताया कि वह वर्तमान समय में प्रेमनगर थाना क्षेत्र के एकतानगर में रह रहा है। 4 फरवरी को वह एकतानगर स्थित अपने घर में ताला लगाकर बिहार गए थे। उसके बाद 8 फरवरी को वह वापस लौटे तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था। दरवाजा खोलकर अंदर गया तो पता लगा कि अलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, अंगूठी, कंगन, गले का हार, टॉप्स समेत 47 हजार की नगदी समेत फ्लैट के असली कागज चोरी हो गए। प्रेमनगर पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

# दैवीय प्रकोप नहीं दिमागी बीमारी है मिर्गी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अतंरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में हुआ कार्यक्रम
- नर्सिंग छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सीजर के बारे में रोल प्ले के जरिए बताया

**अमृत विचार:** अतंरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डाक्टरों ने छात्र-छात्राओं को मिर्गी के बारे में जानकारी दी।

सोमवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में दिनांक अतंरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस-2026 का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया। आयोजन को टर्निंग स्टोरीस एनटू एक्शन का नाम दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनीथा मार्टिन की देखरेख में हुआ।

संचालन सहायक आचार्य अंजली भान ने किया। डाक्टरों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस-2026 मनाने का मुख्य उद्देश्य रोग के बारे में फैली गलतफहमियों को खत्म करना है। डॉ. पुनीत रेड्डी ने छात्र एवं छात्राओं को बताया कि मिर्गी तंत्रिका तंत्र से जुड़ी यानी की न्यूरोलॉजिकल विकार की एक बीमारी है, जिसमें बार-बार दौरे पड़ते हैं। ऐसा मस्तिष्क की असामान्य गतिविधियों, मस्तिष्क की चोट व अनुवांशिकता की वजह से होता है। मिर्गी रोग को अशिक्षित ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इसे दैवीय प्रकोप माना जाता है, जिस कारण मरीज को सही इलाज नहीं मिल पाता है। छात्राओं को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। नर्सिंग छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सीजर के बारे में रोल प्ले द्वारा दर्शाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. पुनीत रेड्डी, सहायक आचार्य इमरजेंसी मेडिसिन, आरएमसीएच उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. प्रियंका ए मसीह द्वारा की गई।



बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के आयोजन में भाग लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# रात बहुत हो चुकी... से विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल का शानदार आगाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल के 16 वें संस्करण का सोमवार शाम शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन पर कोलकाता के पदातिक थिएटर ने ''रात बहुत हो चुकी'' की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इसमें कृष्णा सोबती, मन्नू भंडारी और उषा प्रियंवदा की कहानियों को नाटकीय अंदाज में मंचित किया। दर्शकों ने प्रस्तुति को सराहते हुए महोत्सव की शुरुआत को यादगार बताया।

उद्घाटन समारोह में दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश्वर सिंह ने दर्शकों का स्वागत किया। नाटक का डिजाइन और निर्देशन थिएटर व फिल्म कलाकार अनुभा फतेहपुरिया ने किया। कल्पना झा और कनिष्क तिवारी ने कहानियों का प्रभावी पाठ प्रस्तुत किया। प्रस्तुति पदातिक थिएटर की पहल राइटर्स ऑन स्टेज के तहत आयोजित की गई। सोमवार से शुरु हुआ महोत्सव 15 फरवरी तक चलेगा। मंगलवार को रंग विनायक रंगमंडल का ट्रेडमिल और बुधवार को डी फॉर ड्रामा मुंबई का कौमुदी, गुरुवार को खिचिक, शुक्रवार को अर्थ थिएटर का बोरो होर मर चुका है, शनिवार को साइक्लोरामा नई दिल्ली का ठेके पर मुशायरा और समापन दिवस पर पटना के निर्माण कला मंच का बिदेसिया मंचित किया जाएगा।



मौके ● अमृत विचार

- 15 फरवरी तक रोज शाम साढ़े 6 तक बजे होंगे नाटकों का मंचन

## पीएम आवास योजना पर उठे सवालों के बाद ज़मीनी पड़ताल शुरू

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पीएम आवास योजना को लेकर हुई शिकायत के बाद कस्बे में सियासी और प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। डीएम तक मामला पहुंचते ही पालिका सभासदों ने वार्ड स्तर पर स्वयं पड़ताल शुरू कर दी है। सभासद अपने क्षेत्रों में जाकर योजना के लाभार्थियों से बातचीत कर रहे हैं कि कहीं आवास स्वीकृति के बदले कोई लेन-देन तो नहीं हुआ। बातचीत के वीडियो भी रिकॉर्ड किए जा रहे हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। तीन दिन पूर्व संपूर्ण समाधान दिवस में मोहल्ला भट्टा पहलवान निवासी विजय दिवाकर ने डीएम के समक्ष शिकायत की और योजना में अनियमितता के आरोप लगाए थे।

# हड़ताल को सफल बनाने की बरेली में तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रेड यूनियनों का दावा-बैंक बीमा, औद्योगिक सहित अन्य विभागों के कर्मचारी होंगे शामिल
- 12 फरवरी की हड़ताल को लेकर कर्मचारियों से समर्थन की अपील।

**अमृत विचार:** श्रमिक नीतियों, निजीकरण और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रस्तावित 12 फरवरी की हड़ताल को लेकर बरेली ट्रेड यूनियन की तैयारियां जोरों पर हैं। हड़ताल को निर्णायक आंदोलन बताते हुए विभिन्न कर्मचारी और श्रमिक संगठनों ने एकजुट होकर जनसंपर्क और बैठकें शुरू कर दी हैं।

ट्रेड यूनियनों का दावा है कि बैंक, बीमा, औद्योगिक और अन्य विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में हड़ताल में शामिल होंगे, जिससे इसका असर शहरभर में देखने को मिलेगा। हड़ताल से पहले 11 फरवरी को शाम साढ़े 5 बजे यूनियन बैंक की मुख्य शाखा में प्रदर्शन होगा। इसके बाद 12 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे जीवन बीमा निगम की रामपुर गार्डन शाखा में सभा और प्रदर्शन से हड़ताल की शुरुआत होगी।



उप महामंत्री ललित चौधरी ने कहा कि न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने, फिक्स्ड टर्म रोजगार समाप्त करने और महिलाओं को रात्रि पाली में कार्य करने की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जा रही है।



बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड्स वापस लेने, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाने और नई पेंशन योजना (एनपीएस) समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल करने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर यह हड़ताल आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थानों में कर्मचारियों को हड़ताल के उद्देश्य से अवगत कराते हुए भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



यूनाइटेड फोरम बरेली के अध्यक्ष पीके माहेश्वरी ने कहा कि बैंकों में लंबे समय से खाली पड़े पदों को स्थायी रूप से भरने और कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने के लिए भी हड़ताल को मजबूत समर्थन मिल रहा है।



उप महामंत्री गीता शांत ने बताया कि बीमा क्षेत्र में सौ फीसदी विदेशी निवेश का विरोध, ठेका प्रथा समाप्त करने और स्थायी रोजगार सुनिश्चित करने की मांग भी आंदोलन का हिस्सा है।

**नई पहल** — वतन को जानो कार्यक्रम के चौथे दिन औद्योगिक भ्रमण और हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# उत्तर प्रदेश और कश्मीर की संस्कृति से रू-ब-रू हुए छात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में वतन को जानो कार्यक्रम के तहत छह दिवसीय कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के चौथे दिन सोमवार को प्रतिभागियों को औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा का भ्रमण कराया गया। भ्रमण में प्रतिभागियों ने औद्योगिक क्षेत्र में प्रोडक्ट निर्माण की प्रक्रिया, पैकेजिंग, मार्केटिंग, लैब निरीक्षण सहित तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई।

इसके बाद विश्वविद्यालय परिसर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश और कश्मीर की संस्कृति से रूबरू कराया गया।

विश्वविद्यालय के छात्र और राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित मोहित शर्मा ने युवाओं को अपने अनुभवों को बताते हुए देश निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया। शाहजहांपुर के मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक अमित श्रीवास्तव ने अपने मोनो एक्ट के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संदेश दिया। इसके बाद विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के प्रतिभागी विकास, दिवस राजपूत ने युवाओं को संबोधित किया। आकांक्षा मिश्रा, दिव्यांशी मिश्रा ने देशभक्ति के लिए संदेश दिया। संध्या में विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र की टीम की ओर से यश, लवी सिंह, काजल ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उत्तर प्रदेश की संस्कृति से कश्मीरी युवाओं को रूबरू कराया। इसके साथ ही कश्मीर के श्रीनगर और कुपवाड़ा की टीमों ने कश्मीरी गीतों पर प्रस्तुति दी। पुलवामा की टीम ने राष्ट्रीय सद्भावना एकता पर नाटक प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर माय भारत बरेली की उपनिदेशक पुष्पा सिंह, भूपेंद्र सिंह, चीफ वार्डन प्रो. अशोक कुमार सिंह, डॉ. छवि शर्मा, डॉ. अनिल बिष्ट, डॉ. राकेश मौर्या, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी, अधिष्ठाता प्रबंधन संकाय प्रो. डॉ तुलिका सक्सेना, डॉ. सुनील कुमार, वैशाली विश्वकर्मा, मोहन सिंह, राजकुमार राज्य प्रशिक्षक अजय राज शर्मा, अमित तोमर, सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा, डॉ. शीला सिंह, धीरेंद्र सिंह, आलोक, तरुण, शिवांग, खुशनाज, परीनीता, सुशील, गेंदनलाल, अनीता सिंह उपस्थित रहे।



बरेली के औद्योगिक क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कश्मीरी युवा। ● अमृत विचार



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा। ● अमृत विचार

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक केंद्र की टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी
- श्रीनगर, कुपवाड़ा और पुलवामा की टीमों ने गीतों तथा नाटकों पर दी प्रस्तुति



शहर के पहले श्रमधाम का उद्घाटन करती सीईओ कैंट डॉ. तनु जैन। ● अमृत विचार

# सीईओ कैंट ने किया शहर के पहले 'श्रमधाम' का शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** छावनी परिषद बरेली में सोमवार की सुबह मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. तनु जैन ने छावनी परिषद द्वारा युगवीणा लाइब्रेरी निकट बनाए गए शहर के पहले "श्रम धाम" का शुभारंभ किया। यह विशेष शेड छावनी में दैनिक मजदूरी के लिए आने वाले श्रमिकों की सुविधा, विश्राम और गरिमामय स्थान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्मित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तनु जैन ने कहा कि श्रमिक हमारे विकास के वास्तविक आधार स्तंभ हैं और उनके लिए स्वच्छ, सुरक्षित तथा सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रम धाम श्रमिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशील प्रशासन और मानव-केन्द्रित विकास की सोच का सशक्त प्रतीक है। उद्घाटन समारोह में परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक जन उपस्थित रहे।